कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की अवधारणा 150 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, वीर सावरकर, श्री अरविन्दो और महात्मा गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आंदोलन चलाया गया था। जिसका उद्देश्य था भारतीय आर्थिक निर्भरता पर जोर देना और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना। स्वदेशी आंदोलन को डेल्टीय आंध्र में वंदे मातरम् आंदोलन के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी जागरण से देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाया जा सकता है।

अतिथि वक्ता डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि स्वदेशी जागरण एक ऐसा महोत्सव है जो स्टार्टअप हस्तकला उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए किया गया प्रयास है। स्वदेशी जागरण अभियान भारत का एक अखिल भारतीय सांस्कृतिक और आर्थिक आंदोलन है जिसका उद्देश्य स्वदेशी को बढ़ावा देना, विदेशी वस्तुओं को बहिष्कार करना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है। यह युवाओं, महिलाओं स्टार्टअप्स् और शोध संस्थानों की भागीदारी को बढ़ावा देता है और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। अतः हम सभी को स्वदेशी अपना कर अपनी जन्मभूमि के प्रति निष्ठा व्यक्त करें।

इस अवसर पर छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सुषमा यादव ने किया।

*टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

A Sehgal

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन




